भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1769**

**30 जुलाई, 2025 के लिए प्रश्न**

## मणिपुर में बाढ़ राहत के लिए चावल की खरीद और वितरण

**1769. डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मई और जून 2025 के महीनों के दौरान मणिपुर में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा खरीदे गए और वितरित किए गए चावल की कुल मात्रा कितनी है;

(ख) बाढ़ प्रभावित पीडितों के लिए राहत शिविरों में आपूर्ति हेतु खरीदे और वितरित किए गए चावल की मात्रा कितनी है; और

(ग) निर्वाचित विधान सभा सदस्यों (विधायकों) और संसद सदस्यों (सांसदों) द्वारा खरीदे और वितरित किए गए इस चावल की मात्रा का ब्यौरा क्या है और ऐसी खरीद और वितरण में शामिल सदस्यों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क):** मई और जून 2025 के महीने के दौरान खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से 2110.80 टन चावल की खरीद की गई है तथा मणिपुर में वितरण किया गया है।

**(ख) और (ग):** मणिपुर राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी में यह बताया है कि 2110.80 टन में से, 183.50 टन चावल बाढ़ प्रभावित पीड़ितों की जरूरतों को पूरा कर रहे राहत शिविरों में वितरित किया गया है, जिसमें निर्वाचित संसद सदस्यों (सांसदों) और विधान सभा सदस्यों (विधायकों) द्वारा वितरित 28.50 टन चावल शामिल है। राज्य सरकार द्वारा विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा में दिनांक 30.07.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1769 के उत्तर के भाग (ख) और (ग) में उल्लिखित अनुबंध**

**निर्वाचित सदस्यों द्वारा वितरित चावल की मात्रा**

| क्र. सं. | विवरण | मात्रा (टन में) | जारी करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री महाराजा सनाजाओबा लीशेम्बा, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा | 2.50 | 04.06.2025 |
| 2 | डॉ० अंगोमचा बिमोल अकोइजाम, माननीय संसद सदस्य, लोकसभा | 6.00 | 05.06.2025 और 10.06.2025 |
| 3 | श्री शेख नूरुल हसन, माननीय सदस्य मणिपुर विधान सभा | 5.00 | 05.06.2025 |
| 4 | श्री थौनाओजम श्यामकुमार, माननीय सदस्य मणिपुर विधान सभा | 10.00 | 17.06.2025 |
| 5 | श्री सोराईसम केबी देवी, माननीय सदस्य मणिपुर विधान सभा | 5.00 | 26.06.2025 |